# मौसम आँकड़ों के प्रदाय

बाह्य संगठनों को प्रादेशिक मौसम केन्द्र, नागपुर के तकनीकी शाखाओं के अवलोकनार्थ आगमन की अनुमति प्रदान तथा गैर विभागीय शासकीय, अशासकीय, वैज्ञानिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, निजी आदि संगठनों को विदर्भ, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विभिन्न मौसम आँकड़ों का उचित शुल्क के साथ प्रदाय इस कार्यालय द्वारा किया जाता है। इसकी प्राप्ति के लिये अपने संगठन के लेटर हेड में हस्ताक्षर व सील युक्त आवेदन पत्र इस कार्यालय को निम्नांकित पते पर व्यक्तिगत,/डाक/फैक्स/ ईमेल द्वारा भेजी जा सकती है। अतिरिक्त सूचना के तहत परियोजना का प्रकार अथवा अनुसंधान अध्ययन आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी दिया जाना चाहिये। इस संदर्भ में आवेदन पत्र का नमूना संलग्न है।

**मौसम विज्ञान के उपमहानिदेशक, प्रादेशिक मौसम केन्द्र,**
**डॉ भीमराव अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नागपुर – 440 005 (महा),**
**फोन : 0712 – 2282397, 2282398, 2283394, फैक्स : 0712–2284266, 2285199,**
**ई–मेल cst.ngp@gmail.com वेबसाईट : :www.imdnagpur.gov.in**

मौसम आँकड़ों के लिये आवश्यक व पर्याप्त विवरणयुक्त मांग पत्र प्राप्त होने पर उसे प्रक्रिया में लिया जाता है तथा संगठन की आवश्यकता व उपलब्ध आँकड़ों के आधार पर आँकड़ा शुल्क की गणना कर उन्हें सूचित किया जाता है, साथ ही आँकड़ों के उपयोग सम्बन्धी वचन पत्र का प्रारुप भी भेजा जाता है। आँकड़ा शुल्क (आँकड़ों की मूल्य, तैयार करने की लागत, पैकिंग व अग्रेषण शुल्क आदि सहित) में वर्तमान शासकीय दर पर सेवा कर लगाया जाता है। उचित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित वचन पत्र को निर्धारित आँकड़ा शुल्क के साथ प्रादेशिक मौसम केन्द्र नागपुर में पुनः जमा किया जाना होता है।

## मौसम रिपोर्ट के लिये आँकड़ा शुल्क (सेवा कर व डाक खर्च सहित)

| संगठन का प्रकार | एक दिन की | दो दिनों की | तीन दिनों की |
|---|---|---|---|
| निजी संगठन (बीमा दावा हेतु) | 1795 रु | 3520 रु. | 5245 रु. |
| शासकीय संगठन (हानि निर्धारण हेतु) | 1220 रु. | 2370 रु. | 3520 रु. |

## आँकड़ा शुल्क कैसे जमा करें :

आँकड़ा शुल्क नकद अथवा **Assistant Meteorologist (Admin), Regional Meteorological Centre, Nagpur-05,** के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक से जारी एवं **मुख्य शाखा (कोड सं. 0432) नागपुर** में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट इस कार्यालय में जमा करें। कृपया ध्यान रखें कि चैक द्वारा शुल्क स्वीकार्य नहीं होंगे।

## आँकड़ा शुल्क की डीडी निम्नानुसार भी अग्रेषित किया जा सकता है :

1. आँकड़ों के वास्तविक मूल्य राशि की **A/C Payee** रेखांकित डी डी तथा,
2. सेवा कर राशि की अरेखांकित **(Uncrossed)** डी डी।

उपरोक्तानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने पर जमा की गई आँकड़ा शुल्क की रसीद के साथ वांछित व उपलब्ध आँकड़े प्रदान किया जाता है।

## अनुसंधान / शैक्षिक संगठनों का पंजीयन

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठनों के अलावा अन्य अनुसंधान/शैक्षिक संस्थानों को भारत मौसम विज्ञान विभाग से मौसम आँकड़ों की निःशुल्क प्राप्ति के लिये अपनी परियोजना के विशिष्ट विवरण के साथ पंजीयन किया जाना होगा। बुनियादी (प्रेक्षित) आँकड़ों से व्युत्पन्न उत्पादों/रिपोर्ट जैसे – उपग्रह, भूकम्प, डॉप्लर मौसम राडार आदि के उत्पादों, आवर्ती मौसम रिपोर्ट, विंड रोज चित्र, तूफान डिजाइन पैरामीटर, वापसी की अवधि विश्लेषण, माध्य आँकड़े आदि की आपूर्ति के मामले में उत्पादों/रिपोर्ट की लागत का 25 प्रतिशत राशि वसूला जायेगा। पंजीकरण शुल्क 5000रु. तथा प्रतिवर्ष नवीनीकरण शुल्क 1000रु. (सेवा कर अतिरिक्त) है।

निजी/व्यापारिक कम्पनी/स्वयं सेवी संगठनों (NGOs) को पंजायन की पात्रता नहीं होगी, साथ ही आंतरिक (स्वतः) या शासकीय/अन्य बाहरी निकायों द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिये भी संगठनों को पंजीयन की पात्रता नहीं होगी। इस सम्बन्ध में अनुसंधान/शैक्षिक संस्थान के समर्थ प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाना होगा।

यदि संस्थागत अनुसंधान कार्य/परियोजनायें आंतरिक (स्वतः) या शासकीय/अन्य बाहरी निकायों द्वारा वित्त पोषित हो तो आँकड़ों का प्रदाय रियायती दर पर लागत मूल्य की 5 प्रतिशत शुल्क के साथ किया जायेगा।

छात्रों और उनके प्रतिनिधियों को मौसम आँकड़ों की प्राप्ति के लिये कॉलेज/संस्थान के प्रमुख से उनकी प्रामाणिकता एवं वास्तविकता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिये। इनके द्वारा अवांछनीय आँकड़ों का संग्रहण नहीं किया जाना चाहिये।

पंजीयन सम्बन्धी अन्य जानकारियों तथा एक लाख रिकार्ड अथवा दस लाख एम बी आकार से अधिक मौसम आँकड़ों की आवश्यकता के लिये कृपया वेबसाइट **www.imd.gov.in** पर लाग आन कर Data store पर क्लिक करें।

# मौसम आँकड़े प्रदाय के लिये मांग पत्र

प्रति,
उपमहानिदेशक,
प्रादेशिक मौसम केन्द्र
विमानतल, नागपुर 440 005

विषय :– स्टेशन ———————————————————— के मौसम आंकड़ों के प्रदाय।

1. आवेदक का नाम व पदनाम : -----------------------------------------------------------------------
2. कम्पनी / विभाग / संस्था का नाम : -----------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------
3. पत्राचार का पता, (फोन / फैक्स / इ–मेल आदि सहित ) : -----------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------
4. आँकड़ों की आवश्यकता का प्रयोजन : -----------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------
5. आँकड़ों की आवश्यकता की अवधि : -----------------------------------------------------------------------
-----------------------------------------------------------------------
6. वांछित आँकड़ों के प्रकार (उचित पर निशान बनायें ) :

**क. मौसम रिपोर्ट** दिनांक —————————————— की एक / दो दिनों की

**ख. दैनिक मौसम आँकडे** : (निम्नांकित में से उचित कारकों का चयन करें )

- अधिकतम व न्यूनतम तापमान / वर्षा / सौर प्रखरता / जल वाष्पन / 24 घण्टे की औसत वायुगति
- स्टेशन / समुद्री सतह वायुदाब / शुष्क बल्ब तापमान / आर्द्र बल्ब तापमान / ओसांक बिन्दु / सापेक्ष आर्द्रता / वाष्पदाब / वायु दिशा और गति / मेघों की मात्रा / अन्य कारक (घण्टेवार / 0830 बजे व 1730 बजे / तीन घण्टों की अंतराल में )

**ग. मासिक मौसम आँकडे** : (निम्नांकित में से उचित कारकों का चयन करें )

- माध्य अधिकतम व न्यूनतम तापमान / अनंतिम अधिकतम व न्यूनतम तापमान तथा दिनांक / कुल वर्षा / सौर प्रखरता / जल वाष्पन / 24 घण्टे की औसत वायुगति
- माध्य स्टेशन / समुद्री सतह वायुदाब / शुष्क बल्ब तापमान / आर्द्र बल्ब तापमान / ओसांक बिन्दु / सापेक्ष आर्द्रता / वाष्पदाब / वायुगति / अन्य कारक (घण्टेवार / 0830 बजे व 1730 बजे / तीन घण्टों की अंतराल में )

**घ. वार्षिक मौसम आँकडे** : (निम्नांकित में से उचित कारकों का चयन करें )

- माध्य अधिकतम व न्यूनतम तापमान / अनंतिम अधिकतम व न्यूनतम तापमान तथा दिनांक / कुल वर्षा / 24 घण्टे की सर्वाधिक वर्षा / सर्वाधिक मासिक वर्षा।

**ड. विशेष आंकड़े :**

- चरम आँकड़े, विंड रोज डायग्राम, दैनिक मौसम रिपोर्ट, साप्ताहिक मौसम रिपोर्ट, जलवायु तालिका व अन्य ————————————————(कृपया उल्लेख करें।)

7. विशेष सूचना (यदि कोई हो) : ——————————————————————

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान : ------------------

दिनांक : ------------------

संगठन का मुहर

# *शपथ प्रमाण पत्र*

(भारत मौसम विज्ञान विभाग से मौसम आँकड़े प्राप्त करने वाले संगठन द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिये)

आपके पत्र क्र. ——————————————————————————दिनाँक ——————————
के सम्बन्ध में प्रमाणित किया जाता है कि –

1. भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त आँकड़ों का उपयोग केवल उन्हीं प्रयोजन में किया जायेगा जिनके लिये उसे मांगा व प्रदान किया गया है।
2. ये आँकड़े विशिष्ट रुप से हमारे उपयोग के लिये है। इसे आंशिकतः या पूर्ण रुपेन किसी भी अन्य संगठन (भारतीय या विदेशी) एजेन्सी/मीडिया (चुम्बकीय या इलेक्ट्रानिक) को प्रदान अथवा प्रेषित नहीं किया जायेगा।
3. इन आँकड़ों का उपयोग व्यवसायिक प्रयोजन में अथवा कन्सल्टेन्सी शुल्क या मानदेय प्राप्ति के लिये नहीं किया जायेगा।
4. हमारे द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट/प्रकाशन में आँकड़ा स्त्रोत के लिये भारत मौसम विज्ञान विभाग को प्रतिवेदित किया जायेगा।
5. भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा प्रदत्त आँकड़ों को इंटरनेट या निकनेट में नहीं डाला जायेगा और न ही इन्हें किसी इलेक्ट्रनिक मीडिया में प्रेषित किया जायेगा।

कार्यालय/विभाग प्रमुख का
हस्ताक्षर व नाम

केन्द्र :
दिनाँक :

(कार्यालय/विभाग का सील मुहर)

---

## कार्यालयीन उपयोग के लिये (पंजीयन/नवीनीकरण)

विवरण की जाँच एवं सत्यापन किया गया –

(संस्थान का नाम व पता) –

अनुसंधान संस्थान/वैज्ञानिक संगठन के रुप में पंजीकृत किया गया।

पंजीयन क्रमांक ————————————————————

भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख/
प्रभारी अधिकारी का हस्ताक्षर